डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# पोलैंड की दानुता स्तासिक ने अपने हिंदी संबंधी अनुभव साझा किए

**नई दिल्ली 6 फ़रवरी 2025।** साहित्य अकादेमी कार्यालय में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत आयोजित साहित्य मंच कार्यक्रम में प्राच्य अध्ययन विभाग, दक्षिण एशियाई अध्ययन संकाय, वारसा विश्वविद्यालय, पोलैंड की अध्यक्ष दानुता स्तासिक ने अपने हिंदी अध्यापन और अनुवाद संबंधी अनुभव साझा किए। धाराप्रवाह हिंदी बोलने वाली दानुता स्तासिक ने उनके विभाग द्वारा हिंदी प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे महत्त्वपूर्ण कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कुँवर नारायण की कविताओं के पोलिश अनुवाद और उनके निबंधों तथा उनकी पौलेंड यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने रामायण को लेकर किए अपने काम के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने उनका स्वागत अंगवस्त्रम एवं अकादेमी की पुस्तकें भेंट करके किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रोताओं ने दानुता स्तासिक से हिंदी साहित्य के अनुवाद तथा पोलैंड के साहित्य आदि के बारे में सवाल भी पूछे।

- के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in